an>

Title: Need to re-start Air India flight from Delhi to Raipur via Bhubaneswar.

श्री लखन लाल साहू (बिलासपुर): सभापति महोदय, मैं निजी एयरलाइंस की घरेलू उड़ानों के कर्मचारियों द्वारा की जा रही मनमानी और अनियमितताओं की तरफ सरकार का ध्यान खींचना चाहता हूं। पिछले महीने की सात तारीख को मैं यहां रेलवे की स्टैंडिंग कमेटी में भाग लेने के लिए रायपुर से दिल्ली आ रहा था। रायपुर से 6 बजकर 55 मिनट की उड़ान निर्धारित थी, लेकिन उसे समय से पहले ही प्रस्थान करा दिया गया। आए-दिन रायपुर एयरपोर्ट पर ऐसा होता रहता है। रायपुर में केवल एक ही एयरलाइन और वह भी प्राइवेट एयरलाइन इंडिगो की उड़ान संचालित होती है। इस कारण लोगों को काफी परेशानी होती है। यहां पर विमानन् मंत्री जी बैठे हुए हैं। हमने पहले भी कई बार उनसे निवेदन किया है कि दिल्ली से रायपुर भुवनेश्वर कनेक्ट होते हुए एयर इंडिया की फ्लाइट जाती थी, जो आजकल बंद है इसलिए उसे फिर से शुरू किया जाए। हमारे जितने भी साथी हैं जो छत्तीसगढ़ से आते हैं, उन्हें काफी तकलीफ होती है। छत्तीसगढ़ में केवल रायपुर में ही एयरपोर्ट है, जहां से ओड़िशा, मध्य प्रदेश और दिल्ली के लिए उड़ान भरी जाती है। अगर दिल्ली से रायपुर वाया भुवनेश्वर एयर इंडिया की संध्याकालीन फ्लाइट पुनः शुरू हो जाएगी तो यात्रियों को काफी सुविधा होगी और इंडिगो एयरलाइन की जो मनमानी हो रही है, उस पर भी रोक लगेगी। कभी-कभी हमें इमरजेंसी कार्य के लिए जाना होता है तो उसे फ्लाइट के कारण रद्द करना पड़ता है। इसी तरह से किसी मरीज को अगर दूसरी जगह जाना है, तो उसे भी बहुत तकलीफ होती है। मैं मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि दिल्ली से रायपुर वाया भुवनेश्वर एयर इंडिया की सन्धयाकालीन फ्लाइट पुनः शुरू की जाए।

HON. CHAIRPERSON:

*m02 Shri Bhairon Prasad Mishra and

*m03 Shri Sharad Tripathi are permitted to associate with the issue raised by Shri Lakhan Lal Sahu.